Fourteenth Loksabha

Session : 4
Date : 24-03-2005

Participants : Sumbrui Shri Bagun

13.01 hrs.

MATTERS UNDER RULE 377*

MR. SPEAKER: Matters under Rule 377 will be treated as laid on the Table of the House.

Title: Need to upgrade and declare Joda-Badbil-Chaibasa-Tata Nagar road in Jharkhand as a National Highway.-Laid.

श्री बागुन सुम्बरूई (सिंहभूम) : अधयक्ष महोदय, झारखंड के सिंहभूम प्रमंडल तथा उड़ीसा के क्योंझर जिले में लौह अयस्क की सैकड़ों खाने हैं, जिनसे लौह अयस्क फाईस का निर्यात विदेशों में किया जा रहा है। उड़ीसा के क्योंझर जिले के बड़बील जोड़ा क्षेत्र से होते हुए लौह अयस्क से लदे हुए हजारों की संख्या में वाहनों का परिचालन प्रतिदिन सिंहभूम प्रमंडल होते हुए हलदीया की ओर किया जा रहा है। इन वाहनों में क्षमता से अधिक 50 टन से लेकर 100 टन तक लौह आयस्क फाईस लोड किया जाता है। जोड़ा, बड़बील, बड़ा, जामदा, नोवामुण्डी, हाटगमरिया, चाइबासा, हाता, टाटा नगर, मार्ग साधारण मार्ग है, जो इन भारी वाहनों के परिचालन के कारण गढ्ढों में तब्दील हो गया है, जिससे इस मार्ग पर आम जनता को वाहन चलाना काफी कटप्रद है। विगत दिनों रांची, चाइबासा, जैतगढ़, क्योंझर मार्ग को नेशनल हाईवे घोाित किया गया। परन्तु, इस मार्ग के चाइबासा से हाटगमहरिया तक की सड़क उपरोक्त वाहनों के परिचालन के कारण पूर्णतः क्षतिग्रस्त हो गया है। लौह अयस्क निर्यात से सरकार विदेशी मुद्रा अर्जित कर रही है, परंतु आम जनता का आवागमन अत्यंत कटप्रद हो गया है।

माननीय महोदय से अनुरोध है कि भारत सरकार की उच्चस्तरीय टीम क्षेत्र का सर्वेक्षण करें तथा राट्रीय राज्य मार्ग के मानदंडों के अनुरूप जोड़ा-बड़बील, बड़जामदा, नोवामुण्डी, जगन्नाथपुरी-हाटगम्हारिया, चाइबासा, हाता, टाटा नगर मार्ग का निर्माण शीघ्र कराया जाये एवं इस पूरे मार्ग को राट्रीय राज्य मार्ग घोाित किया जाये।

*Treated as laid on the Table.